# हिंदी - न्यूनतम अधिगम दक्षता

## कक्षा - 1

| क्र. | दक्षताएँ | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | मौखिक भाषा विकास | पाठ्यपुस्तक या परिवेश की कोई भी छोटी व सरल कविता/कहानी को सुनकर हाव-भाव के साथ सुनाते हैं एवं बातचीत करते हैं, प्रतिक्रिया और निर्देशों का पालन करते हैं। |
| 2. | ध्वनि जागरूकता | सुने हुए शब्दों की ध्वनियों को पहचानते हैं और समान तुक वाले शब्द बनाते हैं। |
| 3. | डिकोडिंग (ध्वनि प्रतीक संबंध) | • शब्दों से वर्णों को अलग करते हैं।<br>• वर्ण और अक्षरों को पहचानते हैं और उनसे शब्द बनाते हैं। |
| 4. | पठन कौशल | चित्र में घट रही घटनाओं / गतिविधियों और पात्रों को कहानी के रूप में समझकर अनुमान लगाते हैं। |
| 5. | लेखन कौशल | • स्वयं बनाये गए चित्रों के नाम लिखते हैं।<br>• सुनी हुई / अपनी मन की बातों को अपने तरीके से लिखने का प्रयास करते हैं। |

# हिंदी - न्यूनतम अधिगम दक्षता

**कक्षा – 2**

| क्र. | दक्षताएँ | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | मौखिक भाषा विकास | 30 से 40 शब्दों की सुनी हुई परिवेशीय/ पाठ्य पुस्तक की कविता/कहानी को हावभाव के साथ सुनाते हैं और अपनी भाषा में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। |
| 2. | ध्वनि जागरूकता | भाषा में निहित शब्दों और ध्वनियों को पहचानते हैं एवं लय और तुक वाले शब्द बनाते हैं। |
| 3. | डिकोडिंग (ध्वनि प्रतीक संबंध) | अक्षर, शब्द और वाक्य की इकाइयों की अवधारणाओं को समझते हैं। |
| 4. | पठन कौशल | • अपने स्तर और पसंद के अनुसार कविता, कहानी, चित्र, पोस्टर आदि को आनंद के साथ पढ़कर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं।<br>• छोटे वाक्यांशों को पढ़ते हैं। |
| 5. | लेखन कौशल | • स्वयं बनाये गए चित्रों के नाम लिखते हैं।<br>• सुनी हुई / अपनीमन की बातों को अपने तरीके से चित्रों / शब्दों / वाक्यों आदि द्वारा लिखित रूप में व्यक्त करते हैं। |

# हिंदी - न्यूनतम अधिगम दक्षता

**कक्षा – 3**

| क्र. | दक्षताएँ | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | मौखिक भाषा विकास | 40 से 60 शब्दों की सुनी हुई परिवेशीय/ पाठ्य पुस्तक की कविता/कहानी को हावभाव के साथ सुनाते हैं और अपनी भाषा में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। |
| 2. | पठन कौशल | अपनी पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका, होर्डिंग्स) आदि को समझते हुए पढ़ते हैं और उसके बारे में बताते हैं। |
| 3. | शब्दावली विकास | नये शब्दों को संदर्भ में समझकर उनका अर्थ सुनिश्चित करते हैं। |
| 4. | व्याकरण | तरह - तरह की कहानियों / कविताओं और रचनाओं की भाषा की बारीकियों (जैसे - शब्दों की पुनरावृत्ति, संज्ञा, सर्वनाम, विभिन्न विराम चिह्नों का प्रयोग आदि) की पहचान और प्रयोग करते हैं। |
| 5. | लेखन कौशल | अपने परिवार, विद्यालय, मोहल्ला, खेल का मैदान जैसे विषयों पर अथवा स्वयं विषयों का चुनाव कर अपने अनुभवों को लिखते हैं। |

# हिंदी - न्यूनतम अधिगम दक्षता

**कक्षा – 4**

| क्र. | दक्षताएँ | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | मौखिक भाषा विकास | विभिन्न विषयों, घटनाओं, अनुभवों, कहानियों, कविताओं आदि को सुनकर, समझकर अपनी भाषा/विद्यालयी भाषा में बातचीत करते है, अपनी राय देते है और अपनी बात के लिए तर्क देते हैं। |
| 2. | पठन कौशल | अपनी मनपसंद की किताबों को स्वयं चुनकर पढ़ते हैं और पढ़ी रचनाओं की विषयवस्तु, घटनाओं, चित्रों के पात्रों आदि के बारे में बातचीत करते है/प्रश्न पूछते है/अपनी राय देते है/अपनी बात के लिए तर्क देते है। |
| .3 | शब्दावली विकास | संदर्भानुसार अपरिचित शब्दों के अर्थ बताते हैं। |
| .4 | व्याकरण | भाषा की बारीकियों जैसे - शब्दों की पुनरावृत्ति संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, लिंग, वचन आदि का उचित प्रयोग करते हैं। |
| 5. | लेखन कौशल | अपनी कल्पना से किसी कविता, कहानी या किसी विषय वस्तु आदि को लिखते हुए भाषा का सृजनात्मक प्रयोग करते हैं। |

# हिंदी - न्यूनतम अधिगम दक्षता

**कक्षा – 5**

| क्र. | दक्षताएँ | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | मौखिक भाषा विकास | सुनी / देखी हुई घटनाओं, कहानियों एवं कविताओं के चित्रों, पात्रों, और शीर्षक के बारे में बातचीत करते हैं। अपनी बात के लिए तर्क देते हैं, निष्कर्ष निकालते हैं। |
| 2. | पठन कौशल | अलग - अलग तरह की रचनाओं, सामग्री (बाल पत्रिका, होर्डिंग्स) को समझकर उस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, चर्चा करते हैं और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देते हैं। |
| .3 | शब्दावली विकास | अलग अलग तरह की रचनाओं में आए नए शब्दों को संदर्भ में समझते हैं और उसका संदर्भानुसार उपयोग करते हैं। |
| .4 | व्याकरण | भाषा की व्याकरणिक इकाइयों (जैसे – कारक चिह्न, क्रिया, काल, विलोम चिह्न) आदि का उचित प्रयोग करते हैं। |
| 5. | लेखन कौशल | अपनी कल्पना से कविता, कहानी, पत्र आदि लिखते हैं एवं कविता, कहानी को आगे बढ़ाते है। |